कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

::कार्यालय आदेश::

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक–शिविरा–माध्य/संस्था/सी–4/रजीगृ/जीव विज्ञान/स्थानान्तरण/2019–20 दिनांकः 29.09.2019 के तहत श्रीमती बीना शेखावत, व्याख्याता, जीव विज्ञान का स्थानान्तरण राउमावि, महिला बाग, जोधपुर से राआउमावि, सेतरावा, जोधपुर एवं राजू चौधरी का पदस्थापन स्वामी विवेकानन्द मॉडल स्कूल, ओसियां, जोधपुर से राउमावि, महिला बाग, जोधपुर किया गया।

उक्त स्थानान्तरण आदेश की पालना में राजू चौधरी ने राउमावि, महिला बाग, जोधपुर में 30.09.2019 को शाला दर्पण के माध्यम से कार्यग्रहण कर लिया एवं इस स्थानान्तरण आदेश के विरूद्व श्रीमती बीना शेखावत द्वारा माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, चलपीठ, जोधपुर में अपील संख्या 514/2019 श्रीमती बीना शेखावत बनाम राज्य सरकार व अन्य दायर की गई।

अपील संख्या 514/2019 माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, चलपीठ, जोधपुर द्वारा पारित अन्तरिम आदेश दिनांकः 17.10.2019 द्वारा विभागीय आलोच्य स्थानान्तरण आदेश दिनांकः 29.09.2019 का प्रभाव एवं क्रियान्वयन याचिकार्थिया श्रीमती बीना शेखावत के सम्बन्ध में माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, चलपीठ, जोधपुर के आगामी आदेश तक स्थगित किया है ।

माननीय अधिकरण के उक्त स्थगन आदेश की पालना में श्रीमती बीना शेखावत ने राउमावि, महिला बाग, जोधपुर में ऑफलाईन कार्यग्रहण कर लिया। इस प्रकार राउमावि, महिला बाग, जोधपुर में दोहरा पदस्थापन हो गया। माननीय अधिकरण के अन्तरिम आदेश दिनांकः 17.10.2019 की पालना में इस कार्यालय के आदेश दिनांक 22.09.2020 द्वारा श्रीमती बीना शेखावत को राउमावि, महिला बाग, जोधपुर में यथावत रखते हुए राजू चौधरी को राउमावि, आऊ, बापिनी, जोधपुर (220159) में व्याख्याता जीव विज्ञान के रिक्त पद पर पदस्थापित किया गया था। माननीय अधिकरण द्वारा पारित अंतिम आदेश दिनांकः 27.10.2020 द्वारा अपीलार्थी श्रीमती बीना शेखावत द्वारा स्थानान्तरण आदेश दिनांक 29.09.19 के विरूद्ध प्रस्तुत अपील संख्या 4245/2019 (514/19) श्रीमती बीना शेखावत बनाम राज्य सरकार व अन्य निरस्त की गई है।

माननीय अधिकरण के अंतिम आदेश दिनांक 27.10.2020 की पालना में राजू चौधरी को राउमावि, महिला बाग, जोधपुर में यथावत रखते हुए श्रीमती बीना शेखावत को विभागीय आदेश दिनांक 29.09.2019 की पालना में उनके स्थानान्तरित विद्यालय राउमावि, सेतरावा, जोधपुर (220250) में व्याख्याता जीव विज्ञान के रिक्त पद पर कार्यग्रहण हेतु आदेशित किया जाता है। संबंधित संस्था प्रधान को निर्देशित किया जाता है कि उक्त कार्मिक को अविलम्ब शालादर्पण के माध्यम से कार्यमुक्त/कार्यग्रहण करवाया जाना सुनिश्चित करें।

(सौरभ स्वामी)
IAS
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/सी–4/रजीगृ/बीना शेखावत/को.के/19–20 दिनांकः– 03/11/2020

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. विशिष्ट सहायक,माननीय राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार),प्राथमिक,माध्यमिक शिक्षा एवं भाषा विभाग जयपुर।
2. संयुक्त शासन सचिव, शिक्षा(ग्रुप–2) विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. शासन उप सचिव, शिक्षा(ग्रुप–2) विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
4. संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा(विधि प्रकोष्ठ), जयपुर/जोधपुर।
5. संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा।
6. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी (माध्य)।
7. संबंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी।
8. संबंधित संस्था प्रधान।
9. निजी/रक्षित पत्रावली।
10. सिस्टम एनेलेसिस्ट कम्पयुटर अनुभाग।

संयुक्त निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

cbh transfer parivedna